तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **पप्पूराम उर्फ प्रदीप** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 251 / 2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
24–09–24	अपीलार्थी पप्पूराम उर्फ प्रदीप निवासी ग्राम देसूरिया विश्नोइयान, तहसील व जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत आवेदन 11 / 10 / 2023 में उपखण्ड कार्यालय जोधपुर उत्तर, उपखण्ड कार्यालय जोधपुर दक्षिण तथा सहायक कलक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट (फास्ट ट्रेक) जोधपुर के मध्य कार्यक्षेत्र के कार्य विभाजन संबंधीन संशोधित आदेश दिनांक 30 जनवरी 2023 की प्रमाणित प्रतियां व अन्य बिन्दुओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर जोधपुर	